शिक्षा का अधिकार

709

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

First Terminal Evaluation 2015-16

STD. VII HINDI Time: 2 Hrs

सूचनाः 1. पंद्रह मिनट का 'कूल आफ टाइम' है। यह प्रश्न-पत्र पढ़ने केलिए है।

2. सभी प्रश्नों के उत्तर लिखें।

गतिविधि - 1

रमा और रीना सातवीं कक्षा की छात्राएँ हैं। कक्षा में एक कविता चिपकाई हैं।

सूचनाः कवितांश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।

वन में जितने पंछी है,
खंजन, कपोत, चातक, कोकिल,
काक, हंस, शुक आदि वास,
करते आपस में हिलमिल ।
सब मिलजुलकर रहते हैं वे,
सब मिलजुलकर खाते हैं,
आसमान ही उनका घर हैं,
जहाँ चाहते जाते हैं।

1. इस कविता के लिए शीर्षक दें।

2 नीचे दिये शब्दों के समान अर्थवाले शब्द चुनकर लिखें।

अ) आकाश आ) जंगल

3 कविता का आशय लिखें।

गतिविधि - 2

सूचनाः गद्यांश पढ़कर अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।

प्रधानाध्यापक ने कहा - जून पाँच को हम स्कूल में पर्यावरण दिवस मनाएँगे। पंचायत अध्यक्ष उद्घाटन करेंगे। मैं सबको पौधा दूँगा। आँगन में पौधे लगाने हैं। रमा और रीना बहुत खुश हुए। शाम को घर पहूँचते ही रमा ने माँ से कहा।

रमा - माँ, कल पर्यावरण दिवस है।

माँ - ....

रमा - ....

माँ - ....

रमा - ....

1 रमा और माँ का वार्तालाप तैयार करें।

2 पर्यावरण दिवस किस दिन मनाते हैं ?

3 रेखांकित शब्दों पर ध्यान दें और नीचे दिये वाक्य उसी शैली में बदलकर लिखें।

आँगन में पौधे लगाने हैं।

गतिविधि - 3

पर्यावरण दिवस के कार्यक्रम की सूचना देकर एक पोस्टर तैयार करे।

गतिविधि - 4

नीचे दिये रपट पढें और अनुबद्ध्‌ प्रश्नों के उत्तर लिखें।

आम दादा की वर्षगाँठ मनायी।

उदयगिरिः जि. यु. पी. एस उदयगिरि स्कूल के सामने पचास वर्ष से सिर ऊँचाकर खडा हुआ सुंदर आमदादा की वर्षगाँठ मनायी। मीठे- मीठे आम देनेवाले इस पेड़ के कारण वहाँ शीतलता, शुद्ध हवा और छाया मिलती है। उस दिन पेड़ फूलों और तोरणों से सजाया गया। सबको दावत दी गयी। प्रधानाध्यापक ने कहा "यह पेड हमारी जान है"।

1 प्रधानाध्यापक ने कहा "यह पेड़ हमारी जान है " 'कि' जोडकर दोनों वाक्यों को मिलाइए।

2 रपट से पेड़ की विशेषता बतानेवाला शब्द चुनकर लिखें।

3 स्कूल में मनायी गयी वर्षगाँठ के बारे में रीना ने मामाजी को पत्र लिखा। वह पत्र कैसा होगा ।

गतिविधि - 5

घर जाकर रमा ने भी पेड लगाया। वह खुश हुई।

1 रमा की डायरी कल्पना करके लिखें।

•••••••••••••••••••••••